आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्धनगर में एक हजार चार सौ सड़सठ करोड़ की सत्तानबे विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण–शिलान्यास। चौदह इकाइयों को छः सौ सत्रह करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि भी वितरित की।
- प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मेरठ में इक्कीस करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण। कहा–सभी परियोजनायें समय से पूर्ण करा रही है सरकार।
- राम नवमी के दिन इस बार फिर रामलला के मस्तक पर अभिषेक करेंगी सूर्य की किरणें। पन्द्रह अप्रैल तक पूरा हो जायेगा श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य।
- बरसाने में कल खेली गयी लट्ठमार होली। आयोजन देखने देश–विदेश से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गौतमबुद्धनगर के दादरी में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही एक हजार चार सौ सड़सठ करोड़ की सनतानबे विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक नीतियों के अंतर्गत चौदह इकाइयों को छह सौ सत्रह करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण भी किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की सराहना की और कहा कि प्रदेश समेत पूरे देश में आस्था और आजीविका के नए स्रोत खुल रहे हैं। श्री योगी ने गौतमबुद्ध नगर के लिए कई घोषणाएं कीं, जिनमें राजकीय डिग्री कॉलेज, सौ बेड का चिकित्सालय, आईटीआई और स्टेडियम शामिल हैं।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने एक डेटा सेंटर के उद्घाटन और सेक्टर–145 में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया डेवलपमेंट सेंटर के शिलान्यास व एमएक्यू सॉफ्टवेयर के एआई इंजीनियरिंग सेंटर का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह न केवल नोएडा बल्कि समस्त उत्तर भारत के लिए आईटी सेक्टर के नए युग की शुरुआत है।

***यह न केवल नोएडा के लिये बल्कि उत्तर भारत के लिये आईटी सेक्टर में एक नये युग की शुरूआत है और माइक्रोसॉफ्ट ने यह साबित किया है कि आज के दिन उत्तर प्रदेश इंनवेस्टमेंट का सबसे बेहतरीन डेस्टीनेशन बन करे उभरा है। इस केन्द्र की स्थापना हो जाने पर हैदराबाद के बाद अब उत्तर प्रदेश इंडिया डेवलपमेंट सेंटर के नवीन परिसर का एक नया घर होगा। आईडीसी नोएडा एआई और क्लॉट कम्प्यूट्री के माध्यम से भारत के टेक्निकल इकोसिस्टम को न केवल सुदृढ़ता प्रदान करेगा, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन को प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर उतारने के कार्यक्रम को भी आगे बढ़ायेगा।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक स्वास्थ्य केंद्र  का लोकार्पण करते हुए पिछले एक दशक में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुई प्रगति का जिक्र किया।

***उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में पिछले आठ वर्ष में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक कदम बढ़ाये है। आजादी के पहले से ले करके 2017 तक उत्तर प्रदेश में गर्वमेंटने केवल 12 मेडिकलकॉलेज बनाये थे। जनपद है 75 लेकिन मेडिकल कॉलेज थे 12 और मुझे बताते हुएप्रसन्नता है कि गर्वमेंट के स्तर पर40 मेडिकल कॉलेज हम लोगों ने पिछले 8 वर्ष में उत्तर प्रदेश के अंदर बनाये है। निजी क्षेत्र में 37 ऐसे मेडिकल कॉलेज बन करके आज चालू हो चुके है और तीन मेडिकल कॉलेज ऐसे बने है जो पीपीपी मोड पर।***

**********

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक और उर्जा राज्य मंत्री डॉक्टर सोमेंद्र तोमर ने कल मेरठ में एक्कीस करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जल शक्ति मंत्री ने बताया कि सरकार सभी परियोजनाएं समय से पूर्ण करा रही है जिसके चलते पिछले साल आई बाढ़ से कोई जन हानि नहीं हुई।

***इन सभी परियोजनाओं पे 49 ग्राम की लगभग 82 हजार दो सौ 36 आबादी एवं एक हजार सात सौ 32 स्क्वायर 15 हेक्टेयर कृषि भूमि को लगभग लाभ एवं सुरक्षा प्रदान होगा। पिछले उत्तर प्रदेश में बाढ़ की परियोजनाओं के कारण और सिंचाई की परियोजनाओं के कारण हमारे सभी परियोजनाओं समय से पूर्ण होने के कारण न्येनतम हानि होता है, लेकिन जनहानि कोई नहीं।***

**********

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल प्रदेश भर में विभिन्न  कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। राजधानी लखनऊ में महिला एवं बाल विकास विभाग, के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने विभाग की सेविकाओं को सम्मानित किया। हापुड़ में स्वच्छता और स्वयं सहायता समूह में सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पीलीभीत जिले में महिला किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी दी गई और टूल किट का वितरण किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, मुख्यालय लखनऊ द्वारा मिशन शक्ति फेज–5 के तहत कल से तीन दिवसीय वीमेंस फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है।

उधर, नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने महिला दिवस पर महाकुंभ दो हजार पच्चीस की व्यवस्था और सफाई कार्यों में योगदान देने वाले नगर विकास विभाग की पचीस महिला कार्मिकों सहित कुल दो सौ अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

**********

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण समिति की कल हुयी बैठक के बाद समिति के चेयरमैंन नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि पन्द्रह अप्रैल तक श्रीराम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार फिर रामनवमी के दिन ठीक बारह बजे रामलला की मस्तक पर सूर्य की किरणें अभिषेक करेंगी। इसके लिए तैयारी शुरू हो चुकी है।

***भगवान के माथे पर रामनवमी के दिन सूर्य किरणें पहुंचेंगी उसके लिये कार्य शुरू हो गया है और पूरी तरीके से हमें आशा है कि इस वर्ष भी शिखर पर सूर्य की किरणें पहुंचेंगी। अब आने वाली होली पर फिर प्रकृतिक पर असर पड़ेगा।***

**********

मथुरा सहित समूचे ब्रज क्षेत्र में शुरू हुए रंगोत्सव के तहत कल बरसाना में लठ्ठमार होली खेली गई। इस पारम्परिक आयोजन को देखने के लिए देश–विदेश से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। एक रिपोर्ट–

***मथुरा धर्म की नगरी बरसाना में विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ खेली गई। हेलिकॉप्टर से रंगीली गली के ऊपर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यहाँ राधारानी रुपी गोपियों ने नंदगाँव के हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसाई.और हंसी ठिठोली अबीर गुलाल से होली खेली। होली का आनंद लेने के लिए देश–विदेश से कोने–कोने से आये लाखो  श्रद्वालुओं ने जमकर होली आनंद लिया और होली के रंगो में सराबोर हो गये। मान्यता है कि बरसाने की महिलाओं की लाठी जिसके सिर पर छू जाए, वो सौभाग्यशाली माना जाता है। होली पर परंपरा, आस्था और भक्ति के रंग में पूरा ब्रज डूबा हुआ है। बरसाना में सदियों पुरानी लीला एक बार फिर जीवंत हो उठी। यहाँ पुलिस के सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किये गए। मुहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।***

उधर, पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिये बरसाना में राधारानी मंदिर तक पहाड़ी पर पहुंचने के लिए रोप वे सेवा शुरू की गयी है। साथ ही सेफ सिटी पहल के तहत बाइस हजार कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से जल्द ही यमुना नदी में वृदावन से गोकुल तक क्रूज का भी संचालन किया जायेगा।

**********

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने घोषणा की है कि सरकार अगले पांच वर्ष में चिकित्सा शिक्षा में पचहत्तर हजार नई सीटें बढ़ाने पर विचार कर रही है। श्री नड्डा कल नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह के बाद से देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में एक सौ एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**********

प्रदेश सरकार शहरों में मानचित्र पास करने के मानकों में बदलाव करने जा रही है। इससे पुराने क्षेत्रों में मानचित्र पास करने में आने वाली बाधायें दूर होंगी। साथ ही, नये शहरी क्षेत्रों में नये मास्टर प्लान के आधार पर नये नियम लागू किये जायेंगे।

**********